आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने छोटे सेब उत्पादकों के लिए एम.आई.एस. के तहत 20 करोड़ रूपये जारी करने और चतुर्थ श्रेणी पैंशनरों के बकाया बिलों का जल्द भुगतान करने के दिए निर्देश।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शिमला में तंबाकू मुक्त हिमाचल अभियान का किया शुभारंभ– समाज में बढ़ती नशे की प्रवृति से निपटने के लिए युवाओं को जागरूक करने पर दिया बल।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा– विधान मंडलों के कार्य संचालन व प्रकिया नियमों में समानता लाने में लोकसभा के प्रयास सराहनीय।
- भाजपा ने नगर निगम चुनावों के लिए जारी किए संकल्प पत्र– कांग्रेस ने सोलन नगर निगम के लिए घोषणा पत्र किया जारी।
- भारी बर्फबारी के कारण बंद चंबा–किलाड़ वाया साच पास मार्ग और मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बहाल।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सेब उत्पादकों के लंबित बिलों के भुगतान के लिए मंडी मध्यस्थता योजना के तहत 20 करोड़ रुपये जारी करने के निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस वर्ष 15 अप्रैल को की गई घोषणा के अनुसार सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी पेंशनरों के बकाया एरियर का भुगतान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त और सेवा में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों का भी शीघ्र निपटान किया जाए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी देनदारियों का निपटारा 4 दिनों के भीतर करने और इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि रेजिलिएंट एक्शन फॉर डवेलपमेंट एंड डिज़ास्टर रिकवरी हिमाचल प्रदेश परियोजना प्रदेश में आपदा प्रबंधन क्षमता को सुदृढ़ करने और प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने में प्रभावी व दूरदर्शी पहल सिद्ध होगी। शिमला में आज परियोजना की प्रगति व कियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 हज़ार 6 सौ 87 करोड़ की लागत की इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रभावित बुनियादी ढांचे की पुर्नस्थापना करना है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किसानों व बागवानों के लिए मज़बूत सुविधाएं और ढांचा तैयार करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि प्राकृतिक आपदाओं के समय उनकी फसल और आजीविका सुरक्षित रह सके। इस बीच मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को राज्य के लिए 31 मई तक पोषण नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि फिट हिमाचल के लक्ष्य को हासिल करने के लिए लोगों को पोषणयुक्त भोजन के महत्व के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापक पोषण नीति तैयार करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बनने जा रहा है।

## राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज शिमला स्थित लोकभवन में यूथ फॉर वॉलंटरी एक्शन इन हिमाचल द्वारा आयोजित 'तंबाकू मुक्त हिमाचल' अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान प्रदेश के सभी 12 जिलों में चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशा मुक्त व स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। इस दौरान यूथ फॉर वॉलंटरी एक्शन इन हिमाचल के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को संगठन द्वारा चलाए जा रहे मिशन 'यूथ फॉर राइज–नो टू ड्रग्स, यस टू पैशन' की विस्तृत जानकारी दी। इस मिशन के अंतर्गत 'तंबाकू मुक्त हिमाचल' अभियान को सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। राज्यपाल ने संगठन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए युवाओं में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और जिम्मेदार समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी व सामूहिक सामाजिक प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस बीच राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, हिमाचल प्रदेश के मुख्य महाप्रबंधक विवेक पठानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी आज लोकभवन में राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने कहा है कि प्रदेश में ग्रामीण विकास को गति प्रदान करने और कृषि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में नाबार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि कार्य संचालन और प्रक्रिया नियम हर विधानसभा की रीढ़ होते हैं और ये नियम सदन के कामकाज को नियंत्रित करने, अनुशासन बनाए रखने व लोकतांत्रिक ज़िम्मेवारियों को प्रभावी ढंग से निभाने में मदद करते हैं। कनार्टक विधानसभा द्वारा मैसूर में आयोजित राज्यों के पीठासीन अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विधान मंडलों के कार्य संचालन और प्रकिया नियमों में राष्ट्र स्तर पर समानता लाने के लोकसभा के प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि एक समान मॉडल विधायी कामकाज की कार्य क्षमता को बेहतर बना सकता है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा में प्रचलित कार्य संचालन पद्धति व नियमावली का विस्तृत विवरण भी दिया।

## संकल्प पत्र

प्रदेश भाजपा ने नगर निगमों सोलन, पालमपुर, और धर्मशाला में आगामी 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए आज अपना संकल्प पत्र जारी किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सोलन नगर निगम चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि सोलन को प्रदेश का सबसे स्वच्छ, सुरक्षित, हरित और स्मार्ट शहर बनाया जाएगा। उधर भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने धर्मशाला नगर निगम चुनावों के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्मशाला को आधुनिक, सुव्यवस्थित, पर्यावरण अनुकूल और विश्व स्तरीय पर्यटन शहर के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा तैयार किया गया ये संकल्प पत्र केवल चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि धर्मशाला के भविष्य का विजन डॉक्यूमेंट है। सुधीर शर्मा ने कहा कि ये संकल्प पत्र शहर की वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। भाजपा सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपिन परमार ने नगर निगम पालमपुर के चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि ये संकल्प पत्र पालमपुर के समग्र विकास का रोडमैप है।

कांग्रेस संकल्प

इस बीच कांग्रेस पार्टी ने भी सोलन नगर निगम चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। नगर निगम चुनाव प्रभारी व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल की उपस्थिति में पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सोलन शहर का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शहर में पानी की समस्या का जल्द निपटारा किया जाएगा और शहर को शत–प्रतिशत सीवरेज लाईन से जोड़ा जाएगा।    इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी मौजूद रहे।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता पूरी तरह त्रस्त है। पालमपुर में आज नगर निकाय चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता से झूठे वायदे किए, लेकिन महिलाओं को 15 सौ रूपये और युवाओं को रोज़गार की झूठी गारंटियों ने कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब कर दिया है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि पूरे प्रदेश विशेषकर पालमपुर में भाजपा के पक्ष में ज़बरदस्त माहौल है और हिमाचल की जनता अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के साथ चलने का मन बना चुकी है। उन्होंने नगर निकाय चुनावों में भाजपा की जीत का दावा भी किया।

साच पास

सर्दियों के मौसम में भारी बर्फबारी के कारण बंद चम्बा–किलाड़ वाया साच पास मार्ग को लोक निर्माण विभाग ने छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया है। करीब साढ़े 14 हज़ार फुट की ऊंचाई से गुजरने वाले इस मार्ग के खुलने से पांगी घाटी के लोगों को बड़ी राहत मिली है और वाहनों की आवाजाही आरंभ होने से घाटी का संपर्क जिला मुख्यालय से जुड़ गया है। ज़िला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने साच पास मार्ग को रिकॉर्ड समय में बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग की सराहना की है। उपायुक्त ने बताया कि इस मार्ग के खुलने से चुनाव सम्बन्धी सामग्री पांगी घाटी तक पहुँचाने में भी आसानी होगी।

मार्ग बहाल

उधर मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग को भी आधिकारिक रूप से यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है। भारी बर्फबारी के चलते कठिन परिस्थितियों के बावजूद प्रोजैक्ट हिमांक की स्नो क्लीयरेंस टीम ने सड़क संपर्क बहाल करने की उपलब्धि हासिल की है। इस मौके पर 38 कोर टास्क फोर्स के कमांडर कर्नल गौरव बंगारी, ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट कर्नल तेजस मोरे और कैप्टन साजे कृष्णा भी मौजूद रहे। सीमा सड़क संगठन की टीमों द्वारा बर्फ हटाने का कार्य 16 मार्च से शुरू किया गया था और शून्य से नीचे तापमान व हिमस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में लगातार काम करते हुए इस मार्ग को यातायात के लिए बहाल किया गया।